WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

# दैनिक मेरठ दर्पण

वर्षः 06 अंक 44 मेरठ, शुक्रवार 27 अगस्त, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रूपया आईना सच का......




# अब बाबा साहब का मूल सपना सच होता नजर आता है: कोविंद



**लखनऊ।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दो महीने में दूसरी बार उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। आज वे लखनऊ में बीबीएयू द्बबाबा साहेब भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटीत्र के 9 वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे। इस दौरान उनका भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान उनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहे। कुलपति संजय सिंह ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया। वहीं, राष्ट्रपति ने सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास का शुभारंभ किया। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि मुझे दिसंबर 2017 में इस विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने का अवसर मिला था। यह एकमात्र विश्वविद्यालय है, जहां के किसी समारोह में मैं दूसरी बार आया हूं। यह विश्वविद्यालय बाबा साहेब के विचारों के अनुरूप शिक्षा के माध्यम से अनुसूचित जातियों और जनजातियों के समावेशी विकास के लिए खास योगदान दे रहा है। इस विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए 50रू सीटों का आरक्षण और अन्य सुविधाओं के विशेष प्रावधानों से विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के अवसर बढ़े हैं। साथ ही इन विद्यार्थियों में से उत्‍ ष्ट प्रदर्शन करने वालों को अलग से पदक प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाना एक सराहनीय पहल है। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि इस तरह के प्रयास विश्वविद्यालय की समावेशी संस्‍ ति को और मजबूत बनाएंगे। इस तरह ये विश्वविद्यालय समतामूलक समाज के बाबा साहेब के सपने को पूरा करने की दिशा में सराहनीय योगदान दे रहा है। साल 2017 में जब मैं यहां आया था, तब मैंने कुछ सुझाव दिए थे। उसके अनुसार ही विश्वविद्यालय ने एलुमिनाई एसोसिएशन सहित कई कदम उठाए। मुझे यह जानकर खुशी हुई है कि इस विश्वविद्यालय द्वारा ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे विद्यार्थियों को शिक्षा व रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इस प्रयासों के लिए कुलाधिपति डॉ. प्रकाश बरतुनिया, कुलपति डॉ. संजय सिंह व विश्वविद्यालय की पूरी टीम की सराहना करता हूं। कोविंद ने कहा कि इसी साल जून में उत्तर प्रदेश की पिछली यात्रा के दौरान मुझे डॉ. भीमराव आंबेडकर सांस्‍ तिक केंद्र के शिलान्यास समारोह में संबोधन करने का अवसर मिला था। उस वक्त मैंने विचार-विमर्श किया था कि उस सांस्‍ तिक केंद्र का बीबीएयू का तालमेल बने। साथ ही बाबा साहेब के विचारों को प्रसारित करने के लिए संयुक्त प्रयास किए जाएं। इससे उनके बहुआयामी व्यक्तित्व और योगदान के विषय में सभी को जानकारी मिले। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि हम सभी जानते हैं कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ बाबा साहब ने हमारे बैंकिंग, एलीगेशन, इलेक्ट्रिसिटी सिस्टम, लेबर मैनेजमेंट सिस्टम, रेवेन्यू सिस्टम, शिक्षा व्यवस्था समेत कई क्षेत्रों में मूलभूत योगदान दिया था। वे एक शिक्षाविद, राजनेता, पत्रकार, समाज शास्त्रीय व समाज सुधारक थे। इसके साथ ही उन्होंने संस्‍ ति, धर्म और आध्यात्म के क्षेत्र में भी अपना मूलभूत योगदान दिया है। आगे कोविंद ने कहा कि आज प्रत्येक क्षेत्र में हमारी बेटियों ने अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज की है। सामान अवसर मिलने पर हमारी बेटियां, बेटों से भी आगे निकल जाती हैं। आज के भी पदक विजेताओं में भी बेटियों की संख्या ज्यादा रही।

# सरधना में युवक की हत्या, सड़क किनारे मिला शव

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिले के सरधना में एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। युवक का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। सुबह हत्या की घटना से पूरे कस्बे में सनसनी फैल गई। शव पड़े होने की जानकारी थाना पुलिस को दी गई। मोके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। शव की पहचान हो गई है। मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे युवक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। घटना थाना सरधना क्षेत्र के नंगला रोड की है। जहां पर एक युवक को शव लोगों ने पड़े देखा तो चारों ओर भीड़ जमा हो गई। मृतक युवक के गले पर धारदार हथियार से गला



रेतने के निशान बने हुए थे। उसका आधा गला कटा हुआ था। शव पड़े होने की सूचना थाना पुलिस को दी। युवक का शव पड़ा मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान 22 वर्षीय साकिब पुत्र शाहिद के रूप में हुई। परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि युवक कल रात से लापता था। उसको तलाश करने की कोशिश की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। युवक को मोबाइल भी बंद आ रहा था। घटनास्थल से युवक को मोबाइल भी गायब मिला है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। युवक की हत्या से परिजनों में मातम का माहौल है। वहीं पुलिस ने मौके पर फिंगर एक्सपर्टस और डॉग स्क्वायड भी बुलाया। दोनों ने घटनास्थल से सबूत एकत्र किए हैं। परिजनों ने अज्ञात में हत्या की तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकलवाई जा रही है। थाना पुलिस को कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# घर में घुसकर दंपति पर हमला, बीच बचाव में आई बेटी से छेड़छाड़

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिले के मवाना थाना क्षेत्र के एक गांव में घर पर हमला कर दंपती के साथ मारपीट कर दी। बीच बचाव में आई बेटी से छेड़छाड़ करते हुए अभद्रता कर मारपीट भी की। उक्त मामले में आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी है। यह है मामला पुलिस के अनुसार एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उनके घर के पास ही एक व्यक्ति ने चक्की व स्पेलर प्लांट लगा रखा है। जिसमें आटा पिसाई व सरसों का तेल निकालने के उपकरण लगे हैं। गुरुवार सुबह साढ़े छह बजे चक्की चला दी गई। जिस पर उन्होंने चक्की चलाने का विरोध किया तो मालिक ने मारपीट शुरू कर दी। पीडित ने 112 नंबर पर फोन करने पर पुलिस को बुलाया तो मौके पर पहुंची पुलिस ने चक्की बंद करा दी। आरोप है कि पुलिस के लौटते ही आरोपित समेत 10 लोगों ने लाठी-डंडे लेकर मकान पर धावा बोल दिया। हमलावरों ने महिला व उनके पति के साथ मारपीट की। जिसमें वह गंभीर घायल हो गया। आरोप है कि उसकी बेटी के साथ भी मारपीट की तथा अभद्रता करते हुए कपड़े फाड़ दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समय सिंह को सीएचसी भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह राठौर का कहना है कि तहरीर मिली है। मामला मारपीट का है छेड़छाड़ का आरोप गलत है। जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# चंदौली सड़क हादसे में किठौर के युवक की मौत



मयंक अग्रवाल

**किठौर।** चंदौली जिले में बनारस से मेरठ आ रही कैंटर वाहन की ट्रक से भिड़त हो गई।जिसमें कैंटर चालक की मौके पर मौत हो गई।जबकि क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे की सूचना पर थाना पुलिस ने मृतक के शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के मुताबिक जनपद मेरठ के कस्बा किठौर निवासी युवक नदीम पुत्र रिफाकत कैंटर चालक है।बुधवार को नदीम अपने साथी किठौर निवासी युवक के साथ अपनी कैंटर में सामान भरकर बनारस से मेरठ आ रहा था।चंदौली जिले में पहुंचते ही सामने से आ रहे ट्रक ने कैंटर में जोरदार टक्कर मार दी।जिसमें नदीम की मौके पर मौत हो गई।जबकि साथी युवक घायल हो गया।वही घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना मिलते ही परिजन चंदौली के लिये रवाना हो गए।

# 11 साल बाद इंस्पेक्टर किठौर ने मंदबुद्धि युवक का परिजनों से कराया मिलाप

मयंक अग्रवाल

**किठौर।** बस्ती जिले से लगभग 11 वर्ष पूर्व लापता हुए युवक का किठौर इंस्पेक्टर के प्रयासों से किठौर थाना परिसर में परिजनों से मिलाप हुआ। जनपद बस्ती के रुधौली थाना क्षेत्र के गांव पारसादयाल निवासी रिंकू पुत्र साधूशरण गौड़ मंदबुद्धि है। वर्ष 2011 में वह घर से अचानक लापता हो गया।परिजनों ने रिंकू की काफी तलाश की लेकिन सुराग नही लग सका।जिसके बाद के बाद भी परिजन बेटे से मिलन की आस छोड़ बैठे।उधर परिजनों से दूर रिंकू उपाध्याय सकौती के नंगला खेपड़ में परिजनों से वियोग के दिन काटता रहा। करीब तीन वर्ष पूर्व नंगला खेपड़ निवासी व्यक्ति रिंकू को अपने ससुराल किठौर के गांव हसनपुर कलां निवासी रणवीर पुत्र महावीर सिंह के घर छोड़



गया।तब से रिंकू रणवीर के परिवार के साथ रह रहा था।रणवीर के अनुसार परिवार की याद आने पर रिंकू कभी-कभी फोन मिलवाता था।लेकिन रिंकू द्वारा दिया गया नंबर कभी लखनऊ तो कभी इलाहाबाद लगता था।इसी बीच किठौर थाना इंचार्ज अरविंद मोहन शर्मा को सूचना मिली कि कई वर्षो से परिजनों से बिछड़ा जनपद बस्ती निवासी मंदबुद्धि युवक रिंकू हसनपुर कलां में रह रहा है।इंस्पेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रिंकू की फोटो चस्पा कराई।जिसके बाद पारसादयाल निवासी बब्बू उपाध्याय ने रिंकू की फोटो पहचानते हुए उसके परिजनों को सूचना दी।परिजनों ने किठौर पुलिस से संपर्क साधा।जिसके बाद बुधवार को रिंकू के परिजन किठौर कोतवाली पहुंचे।जिसके बाद रणवीर सिंह को रिंकू समेत थाने बुलवाया गया।थाना प्रांगण में बिछड़े हुए बेटे रिंकू को देख मां की आंखें नम हो गई।और रिंकू परिजनों को देख रोने लगा।उधर परिजन इंसपेक्टर किठौर अरविंद मोहन शर्मा का धन्यवाद कर अपने गंतव्य को रवाना हो गए।

# शहीद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धाजंलि



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता भाजपा व्यपार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा जम्मू में शहीद हुये मेरठ के लाल सूबेदार राम सिंह भंडारी जी के घर ईशा पुरम पहुँचे। शहीद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके परिवार को सांत्वना दी परिवार को विनीत शारदा ने विश्वास दिलाया मेरे लायक जब भी कोई भी कार्य हो अपना बेटा समझ कर याद करे में हमेशा परिवार के बीच खड़ा मिलूँगा सहीद सूबेदार राम सिंह के परिवार ने उनके बेटे को सरकारी नोकरी के लिये पत्र दिया। शारदा ने परिवार को भरोसा दिलाया वे केन्द्र एवं प्रदेश सरकार को लिखेंगे ओर परिवार जेसा चाहता हे उसे कराने का प्रयास करेंगे। विनीत शारदा के साथ भाजपा नेता नवीन अरोड़ा, गंगा नगर पार्षद गुलविर सिंह नोटियाल, संजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जायेगाः जिलाधिकारी

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारी कक्ष, कलेक्ट्रेट मेरठ में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक जिलाधिकारी के0 बालाजी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओ का निस्तारण प्राथमिकता पर कराया जायेगा। बैठक में एजेण्डा के अनुसार उद्यमियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में मै0 कास्टैक्स इंजीनियरिंग की इकाई के समीप खडोली नाले की सफाई हेतु नगर निगम को निर्देशित किया गया। औद्योगिक क्षेत्रों में सफाई एवं सडक मरम्मत के संबंध में नगर निगम द्वारा अवगत कराया गया कि इन सडकों के मरम्मत हेतु प्राक्कलन तैयार कर लिया गया जिस पर जिलाधिकारी मेरठ द्वारा नगर निगम को निर्देषित किया गया कि औद्योगिक क्षेत्रों में प्राथमिकता से सडक निर्माणध्सफाई आदि के लिए तत्काल टेण्डर कराकर कार्य कराया जाए। बैठक



में लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी द्वारा कुंडा रेलवे क्रांसिग से परतापुर रेलवे स्टेशन को जाने वाली सडक को तत्काल मोटरिंग योग्य कराने का अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा तत्काल नगर निगम को उक्त सडक को मोटरिंग योग्य करने के निर्देश दिए गए जिससे बरसात में इकाईयों के वाहन आदि आने जाने में समस्या न होने पाए। मोहकमपुर स्पोर्ट्स गुड्स काम्पलैक्स की नालियां एवं सड़क इत्यादी का निर्माण कार्य शुरू कराये जाने हेतु सहायक नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया है। उद्योगपुरम परतापुर में अवैधरूप से खोखे को हटाये जाने हेतु एस0पी0 सिटी एवं सहायक नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि उक्त अतिक्रमण को सितम्बर प्रथम सप्ताह में हटा दिया जायेगा। बैठक का संचालन वी0के0 कौशल उपायुक्त उद्योग द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर मेरठ संदीप भागिया, सहायक नगर आयुक्त ब्रजपाल सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, क्षेत्रीय प्रबन्धक, यूपीसीडा, अग्रणी जिला बैंक प्रबन्धक, केनरा बैंक, सीओ सिटी तथा उद्योग बंधु समिति के अधिकारियों व उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# सदर बाजार इंस्पेक्टर बिजेन्द्र पाल सिंह को किया सम्मानित



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के इंस्पेक्टर बिजेन्द्रपाल सिंह राणा को पुष्प गुच्छ देकर गुरुवार को सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। दरअसल इंस्पेक्टर बिजेन्द्र पाल सिंह राणा ने मेरठ जिले का नाम रोशन किया है। उन्हें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया है। मेरठ के लोगों के लिए यह बड़े ही गौरव की बात है कि एक पुलिस अधिकारी ने जिले का नाम रोशन किया। बिजेन्द्र पाल सिंह राणा ने सभी का आभार व्यक्त किया। सम्मानित करने में श्रीहरि गौ सेवा धाम के अध्यक्ष नगेन्द्र गोस्वामी, भाजपा नेता विनय चौधरी, प्रवीण गोस्वामी, भाजपा नेता विनय तोमर, अमरदीप पंवार, अनुज शर्मा, लीलू चौधरी व रोहित पंवार गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# 31 अगस्त तक प्रस्तुत करें आपत्ति या सुझाव-जिला निर्वाचन अधिकारी

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी के0 बालाजी ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-25 के उपबंधो के अनुसरण में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी मेरठ एतद्द्वारा 43-सिवालखास, 44-सरधना, 45-हस्तिनापुर अ0जा0 04-बिजनौर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, 46-किठौर, 47-मेरठ कैन्ट, 48-मेरठ एवं 49-मेरठ दक्षिण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जो 10-मेरठ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट है, के लिए सूची में विनिर्दिष्ट मतदान केन्द्रो के समक्ष अंकित मतदान क्षेत्रो के मतदाताओ



के समूहो के लिए मतदान केन्द्रो के रूप में प्रस्तावित सूची का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 24 अगस्त 2021 को जनसामान्य की जानकारी के लिए किया गय। उन्होने जनसामान्य से अपील की है कि जनपद में अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो के मतदान केन्द्रो की आलेख्य सूची के बाबत यदि कोई आपत्ति या सुझाव हो, तो पया लिखित रूप में दिनांक 31 अगस्त 2021 तक उनके कार्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय, मेरठ संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदार सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

# शायर मुनव्वर राणा का पुतला दहन किया



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कासमपुर में वाल्मीकि समाज के लोगों ने मशहूर शायर मुनव्वर राणा का पुतला दहन किया जिसका नेतृत्व भाजपा नेता संजीव मंगवाना किया मंगवाना ने बताया की मुनव्वर राणा ने अपनी तुच्छ मानसिकता के चलते अफगानिस्तान के मामले में भारत के हिंदुओं की आस्था तथा भगवान वाल्मीकि को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की है जिससे वाल्मीकि समाज की आस्था को आघात पहुंचा है जिसे वाल्मीकि समाज किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा प्रदेश सरकार से की गई है कि मुनव्वर राणा को शीघ्र गिरफ्तार कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए पुतला दहन करने वालों में भाजपा नेता संजीव मंगवाना, सुरेश लोधी, अजय, महेंद्र ,हर्ष बैटरी ,अमित वाल्मीकि, अभिषेक पवार, देव मंगवाना, वीरेंद्र राजकुमार ,कुड़िया उमेश आकाश तथा रश्वकी आदि मौजूद थे।

# केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री ने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री श्री अजय भट्ट ने आज राजौरी कश्मीर में शहीद हुये सूबेदार राम सिंह के परिवारजनो को ईशापुरम स्थित उनके आवास पर जाकर सांत्वना दी। उन्होने परिवारजनो से कहा कि शहीद राम सिंह देश का बेटा है तथा सरकार व पूरा भारत आपके साथ है। उन्होने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। उन्होने कहा कि शहीद राम सिंह के परिवारजनो की मांगो को पूरा किया जायेगा। केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने बताया कि 48 राष्ट्रीय राईफल्स में तैनात शहीद सूबेदार राम सिंह राजौरी मे अश्वपरेशन बद्री में बड़ी बहादुरी



से लडें, घायल होने के बावजूद उन्होने एक आतंकी को मार गिराया। उन्होने कहा कि शहीद राम सिंह ने इससे पूर्व ऑपरेशन शारदा में अदम्य साहस का परिचय देते हुये दो आतंकियो को मार गिराया था। उन्होने कहा कि शहीद राम सिंह एक हसमुख व मिलनसार व्यक्ति थे तथा एनडीए व आईएमए में एक इन्स्ट्रक्टर भी थे। उन्होने कहा कि वह बडेध्योग्य व्यक्ति थे, उनकी शहादत में देश ने एक योग्य, कर्मठ, जाबाज व सच्चा देशभक्त खो दिया है, पूरा देश शहीद के परिजनो के साथ है। इस अवसर पर सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, अन्य अधिकारी व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महामारी में घर के इकलोते कमाने वाले को खोने वाले परिवार के लिए बच्चों की शिक्षा ,विधवा महिला को आत्मनिर्भर बनाने ओर मुश्किल वक्त में राशन का प्रबंध करेंगे: मुनीश पुंडीर

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** आसमान फाउंडेशन के संस्थापक मुनीश पुंडीर ने कहा है की यह बहुत दुर्भाग्य की बात है की कोविड -19 की दूसरी लहर युवा लोगों के लिए ज्यादा जानलेवा साबित हुई है, अब ऐसे में एक परिवार के लिए उसके इकलोते कमाने वाले व्यक्ति का चले जाना उसके पीछे पत्नी ओर बच्चों के लिए एक भयानक सपने से कम नहीं है, हम ऐसे जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा, मुश्किल वक्त में राशन, ओर पत्नी को उसके पाँव पर खड़ा करके उसको आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरसंभव मदद करेंगे। इसके अलावा पुंडीर ने लोगों से 734-0905035 पर कश्वल कर के ऐसे परिवारों की जानकारी उनके संगठन को देने को कहा।



# खंड शिक्षाधिकारी को अध्यापकों ने दी विदाई

**मेरठ दर्पण-बिनौली।** सिरसलगढ़ के कंपोजिट विद्यालय में गुरुवार को विदाई समारोह हुआ। जिसमें स्थानांतरित बीईओ सतीश शर्मा को अध्यापकों ने विदाई दी। समारोह में पिलाना स्थानांतरित बीईओ सतीश शर्मा को पदमसेन, हरिमोहन शर्मा, राजेंद्र सिंह, रेनू चौधरी, अमिता यादव, सविता देवी आदि अध्यापकों ने स्मृति चिंह, साहित्य व शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान यहां स्थानांतरित होकर यहां आए बीईओ रंजन गुप्ता का अभिनन्दन भी किया गया। अजय शर्मा के संचालन में हुए समारोह में राजेंद्र सिंह,डश्व. मनोज विश्नोई, हरिमोहन शर्मा,



शशिभूषण शर्मा, जितेंद्र कुमार, पदमसेन, अवध शर्मा, पवन शर्मा, सुनील शर्मा, रविंद्र सिंह, रेनू चौधरी, अमिता यादव, सविता देवी, रविंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

# सपा छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत

**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा मुजफ्फरनगर।**सपा छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष व पश्चिमी यूपी प्रभारी देवेश राणा के मुजफ्फरनगर आगमन पर सपा छात्र सभा जिलाध्यक्ष युसूफ गौर व महानगर अध्यक्ष अनिरुद्ध बालियान के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। सपा कार्यालय पर छात्र सभा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की सपा महानगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी की अध्यक्षता व नगर महासचिव शलभ गुप्ता एडवोकेट के संचालन में आयोजित समीक्षा मीटिंग को संबोधित करते हुए छात्र सभा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कुमार राणा ने कहा की भाजपा सरकार में जितना बड़ा नुकसान छात्रों व युवाओं का हुआ है आज तक भी कोई सरकार छात्रों का इतना नुकसान करने में आगे नहीं रही है। लेकिन भाजपा द्वारा नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने छात्रों के मुद्दों को सांप्रदायिक माहौल में दबाने सेआज छात्र अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। देवेश कुमार राणा ने जनपद की मजबूत कार्यकारिणी गठन हेतु पदाधिकारियों से गहन विचार विमर्श किया। सपा महानगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी व सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव स्वरूप ने सपा छात्र सभा से जनपद के सभी कालेजों में भाजपा की सरकार की विनाशकारी नीतियों से छात्रों को अवगत कराने तथा उनकी शत प्रतिशत वोट बनवाने तथा सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को 2022 में मुख्यमंत्री बनाने का संदेश देने का आह्वान किया। सपा नेता जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन व महानगर महासचिव शलभ गुप्ता एडवोकेट ने भारी संख्या में मौजूद छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों व युवाओं के हितों की बात केवल समाजवादी पार्टी में ही संभव है। अखिलेश यादव की सरकार में छात्रों व युवाओं को शानदार योजनाओं से लाभ पहुंचाया गया इस बार भी छात्र व युवा की हितेषी सपा की सरकार बनवाने के लिए छात्रों को एकजुट होना होगा। सपा छात्र सभा जिलाधयक्ष युसूफ गौर एडवोकेट व छात्र सभा महानगर अध्यक्ष अनिरुद्ध बालियान ने अपनी कार्यकारिणी का परिचय कराते हुए कहा की छात्रों की आवाज दबाने वाली भाजपा सरकार को छात्र व युवा बर्दाश्त नहीं करेंगे छात्रों के उत्पीड़न की सोच रखने वाले अधिकारियों को भी आंदोलन के जरिए जवाब दिया जाएगा। उन्होंने जनपद में नगर में छात्रों की मजबूत कार्यकारिणी गठन का अपना मजबूत इरादा जाहिर किया। मीटिंग में वत्सल पण्डित को जिला कोषाध्यक्ष, अश्वनी वर्मा को छात्र सभा जिला उपाध्यक्ष, सागर कश्यप को जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। मीटिंग में मुख्य रूप से लोहिया वाहिनी पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार खटीक, डा इसरार अल्वी, खिजर हयात, फराज अंसारी, सालिम चौधरी, आलोक प्रताप, बॉबी पाल, धर्मेंद्र शर्मा, मौ यूनुस, शाहवेज नम्बरदार, अक्षय धीमान, सूर्यकान्त त्यागी, राहुल शर्मा, विपुल सिंघल, अनुज गुर्जर, रवि वाल्मीकि, मन्नू त्यागी, नमन, मुकुल वाल्मीकि,वसीम ठाकुर, हम्माद सिद्दीकी, आशु पण्डित आदि उपस्थित रहे।





# गोविंदाचार्य का पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल के आवास पर हुआ स्वागत



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा मुजफ्फरनगर।** जाने–माने चिंतक एवं विचारक व पूर्व भाजपा दिग्गज केएन गोविंदाचार्य ने गंगा यात्रा और नर्मदा यात्रा के बाद अब यमुना दर्शन एवं अध्ययन प्रवास यात्रा का शुभारंभ आज दिल्ली से किया इसका पहला पड़ाव मुजफ्फरनगर में नगर पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल जी के आवास पर रहा। अपने निवास पर अंजू अग्रवाल ने सपरिवार गोविंदाचार्य जी व उनके साथ आए सभी महानुभावो का स्वागत किया व यमुना जी के साफ–सफाई व सौंदर्यीकरण के लिए उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की इस दौरान गोविंदाचार्य ने भी श्रीमती अंजू अग्रवाल को आशीर्वाद दिया व उनके द्वारा किए जा रहे नगर के विकास कार्यों की सराहना की इस यात्रा में गोविंदाचार्य के साथ उनके सहयोगी संजय शर्मा, विवेक त्यागी, स्वामी देव स्वरूप आनंद, अरविंद तिवारी वासुदेव आचार्य जी और न्यूज चौनल डिबेट एक्टिविस्ट शुभी खान आदि रहे इस अवसर पर चेयरमैन आवास पर अशोक अग्रवाल अभिषेक अग्रवाल अमरीश सिंगल मनोज गुप्ता सौरव मित्तल परितोष अग्रवाल परिवार के लोग मौजूद रहे।

# सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के नौ जजों के नाम पर केंद्र की सहमति



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की ओर से भेजे गए 9 जजों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। इन 9 जजों में तीन महिला जज भी शामिल हैं। इन नामों में से कोई एक आने वाले समय में भारत की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश भी बन सकती हैं। कॉलेजियम ने जिन नामों की सिफारिश की है, उनमें कर्नाटक हाई कोर्ट की जस्टिस बीवी नागारत्ना, तेलंगाना हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश हिमा कोहली, गुजरात हाईकोर्ट की जस्टिस बेला त्रिवेदी भी हैं। इसके अलावा कर्नाटक हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अभय श्रीनिवास ओका, गुजरात हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विक्रम नाथ, सिक्किम हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जितेंद्र कुमार माहेश्वरी , सीटी रविकुमार द्धकेरल हाई कोर्ट में न्यायाधीशत्रः और एमएम सुंदरेश द्धकेरल हाई कोर्ट में न्यायाधीशत्रः शामिल हैं। मौजूदा समय में सुप्रीम कोर्ट में 24 न्यायाधीश हैं। नौ जजों की नियुक्ति के बाद भी शीर्ष न्यायालय में एक पद खाली रहेगा। कॉलेजियम ने जिन नामों की सिफारिश की है उनमें जस्टिस नागाराात्ना भारत की पहली महिला चीफ जस्टिस बन सकती हैं। हालांकि, वह 25 सितंबर से 29 अक्तूबर 2027 तक के लिए यह पद संभाल सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट में कॉलेजियम में मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना, और जस्टिस उदय यू ललित, एएम खानविलकर, धनंजय वाई चंद्रचूड़ और एल नागेश्वर राव शामिल थे।

# भाजपा चालाकी से लोकतंत्र पर अवैध कब्जा करने के षडयंत्र में लगीः अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पाटह्न के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा चालाकी से लोकतंत्र पर अवैध कब्जा करने के षडयंत्र में लगी है। झूठ और छलकपट के साथ वह प्रदेश में विकास की घड़ी की सुई पीछे करना चाहती है। भाजपा को यह पता चल गया है कि जनता उसे हटाने जा रही है। समाजवादी पाटह्न लोकतंत्र और समाजवाद के लिए प्रतिबद्ध है। जनता को लोकतंत्र बचाने के लिए पूरी सतर्कता और समझदारी से काम लेना होगा। यही आज का सबसे बड़ा राष्ट्रधर्म है। अखिलेश यादव ने कहा भाजपा की नीति और नीयत को देखते हुए तो ऐसा लगता है कि भाजपा कम्पनी की सरकार बनाने पर तुली है। भारत में ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने सरकार बनवाई थी। भाजपा सरकार को कम्पनी बनाने के कार्य में लगी है। भाजपा का एजेंडा समाज से विषमता मिटाना नहीं, अमीरी और गरीबी के फासले को विस्तार देना है। किसान की खेती को बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में बंधक बनाना और नौजवान के भविष्य को अनिश्चितता के अंधेरे गर्त में ढकेलना है। ग्रामीण उद्योगों को मिटाकर बड़े औद्योगिक घरानों को बढ़ावा देना है। भाजपा समाजवादी व्यवस्था लागू नहीं करना चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने किसानों को परेशानी में फंसाया है और उनके विरूद्ध अब निंदा अभियान भी चला रखा है। तथाकथित तीन कृषि सुधार कानूनों से षि व्यवस्था बदहाल होगी। चुनाव की बेला में भाजपा मतदाताओं को भ्रमित करने की रणनीति के तहत घोषणाओं का ढोंग और नौजवानों को राहत के ढोंगी रास्ते बताने में लग गई है। मनमानी लूट, अपराध, हत्या का रिकार्ड बनाने में भाजपा अव्वल है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। महिलाएं एवं बच्चियां सर्वाधिक अपमान जनक जीवन जीने को मजबूर है। श्री यादव ने कहा कि देश की राजनीति संक्रमण के दौर से गुजर रही है। स्वतंत्रता आंदोलन की सभी मान्यताएं ध्वस्त की जा रही है। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। अकेले समाजवादी ही भाजपा की कुनीतियों का मुकाबला कर सकते हैं।

# कोरोना की तीसरी लहर को लेकर सरकार का अलर्टः स्वास्थ्य सचिव



**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड–19 के 46,164 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,25,58,530 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,33,725 हो गई है। वहीं स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने आज कोरोना महामारी को लेकर लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा, अभी भी हम कोविड की दूसरी लहर के बीच हैं। कोविड खत्म नहीं हुआ है। हर त्योहार में केस बढ़ जाते हैं। सितम्बर और अक्टूबर में त्योहार हैं। ऐसे में हमें सतर्क रहना है। प्रेस कांफ्रेंस करते हुए राजेश भूषण ने कहा कि देश में पिछले 24 घंटे में कोविड के 46,000 नए मामले सामने आए। इनमें से 58 फीसद मामले केरल से सामने आए हैं। बाकी राज्यों में अभी भी कोविड के मामलों में गिरावट देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि केरल में एक लाख से ज्यादा एक्टिव केस हैं। महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में 10,000 से 1 लाख सक्रिय मामले हैं। केरल का योगदान 51 फीसद, महाराष्ट्र में 16 फीसद और बाकी तीन राज्यों का योगदान देश के 4–5 फीसद मामलों में है। केरल में बढ़ते मामलों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह हम केरल के दौरे पर गए थे। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री भी थे. पहली बात यह थी कि टेस्ट को बढ़ाया जाए. साथ ही उनका कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग किया जाए। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 607 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,36,365 हो गई। देश में 46,164 नए मामले आने के बाद अभी 3,33,725 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 1.03 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में कुल 11,398 की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 97.63 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कुल 51,31,29,378 नमूनों की कोविड–19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 17,87,283 नमूनों की जांच बुधवार को की गई।

## मुजफ्फरनगर की नई मंडी क्षेत्र के ज्वेलर्स की दुकान में चोरो ने दीवार तोड़कर लाखो का सामान किया चोरी, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर की नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गऊशाला रोड पर स्थित ज्वैलरी शश्वप को निशाना बनाते हुए बुधवार की देर रात अज्ञात चोरो ने दीवार में सेंधमारी कर लाखो के माल पर हाथ साफ कर दिया। दरअसल नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गऊशाला रोड पर स्थित राधा रमन ज्वैलरी की दुकान पर देर रात कुछ अज्ञात चोरो ने दुकान की दीवार में सेंधमारी कर दुकान में रखी लाखो रुपयों की सोने चाँदी की ज्वैलरी को चोरी कर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी सुबह उस समय लगी जब दुकान मालिक दुकान खोलने के लिए दुकान पर पहुँचा तो दुकान के अंदर सारा सामना बिखरा हुआ पाया। घटना की जानकारी मिलने पर एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँचे और मामले की बारीकी से जांच पड़ताल करी। इस मामले में दुकान मालिक शिवम मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि,दुकान के बराबर में खाली प्लश्वट है,जहाँ से चोर दीवार तोड़कर अंदर आये और दुकान में रखे लगभग 5 लाख रुपयों के सोने चाँदी के आभूषणों को चोरी कर फरार हो गए। वही इस मामले में पुलिस के आलाधिकारी भी जल्द खुलासे की बात कर रहे है।

## मुजफ्फरनगर की दवाई मार्केट जिला परिषद मे प्रशासन का छापा,लाखों रुपए की एक्सपायरी दवाइयां बरामद



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।**दिन भर छापेमारी के बाद सुमित मेडिकल एजेंसी को सील कर दिया गया है। सुमित मेडिकल एजेंसी से 17 लाख 49 हजार 956 रूपए की एक्सपायर्ड दवाइयों का जखीरा बरामद होने के बाद यह कार्रवाई की गई। एडीएम फाइनेंस आलोक कुमार सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह व ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश प्रसाद ने भारी पुलिस फोर्स के साथ जिला परिषद मार्केट में छापेमारी की थी। जगदीश मेडिकल एजेंसी पर कुछ आपत्तिजनक नहीं मिला। दूसरी ओर सुमित मेडिकल एजेंसी पर एक्सपायर्ड दवाइयों का जखीरा बरामद किया गया। देर रात 11रू00 बजे तक चली कार्रवाई में सुमित मेडिकल एजेंसी से दवाइयों का जखीरा ड्रग इंस्पेक्टर ने बरामद कर इसे सील कर दिया। सुमित मेडिकल एजेंसी को अग्रिम आदेशों तक सील किया गया है। ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश प्रसाद की बड़ी कार्रवाई से जिला परिषद मार्केट में दवा व्यापारियों में हड़कंप मच गया। डीएम चंद्र भूषण सिंह को मिली सूचना के तहत यह कार्रवाई की गई।

## भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** नवनियुक्त जिला अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्तिक काकरान का कस्बा बुढाना में मोनू मलिक के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। प्रदेश नेतृत्व के द्वारा आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले के जिला अध्यक्षों की घोषणा की, जिसमें मुजफ्फरनगर जनपद के भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कार्तिक काकरान को बनाया गया। आज बुढ़ाना पहुंचने पर जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा कार्तिक काकरान सैकड़ों युवाओं के साथ मोनू मलिक राष्ट्रीय निशानेबाज ने ढोल नगाड़ों के साथ फूल माला से स्वागत किया। इस अवसर पर मोनू मलिक राष्ट्रीय निशानेबाज अंकुश राठी, विनीत शर्मा, पुनीत पंवार, शिवम निमेष,आशीष प्रधान, रवि प्रताप, ठाकुर सागर, अर्जुन रजोरिया सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शहर की मुसीबत बने कूड़े के निस्तारण पर चर्चा की

**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** स्वच्छ भारत अभियान विषय को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश सह संयोजक श्रीमोहन तायल की मौजूदगी में नगर में बढ़ती गंदगी के कारण लोगों में बढ़ते संक्रमण और बीमारी की समस्याओं को लेकर आज कलेक्ट्रेट में एडीएम ई अमित कुमार सिंह, ई ओ नगरपालिका हेमराज सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी अतुल चौधरी के साथ बैठक की और नगर में फैल रही गंदगी के बारे में त्वरित कार्यवाही के लिए फिर से कहा। साथ ही साथ कई सुझाव भी स्वच्छ भारत अभियान के जिला संयोजक बृजेश दीक्षित, सह संयोजक निशांक जैन और भाजपा नेता कमल कांत शर्मा ने भी दिए । इस अवसर पर विशेष रूप से रामपुरी गेट के आगे त्यागी कश्वलोनी के सामने, अस्पताल के बाहर, लिंक रोड आदर्श कश्वलोनी,




रामलीला टीला के नीचे व नगर में अन्य डलावघर पर पड़ने वाले कूड़े का निस्तारण समय से हो और नगर पालिका द्वारा संचालित ए टू जेड प्लांट और एस टी पी प्लांट को ठीक से चलाने पर चर्चा हुई। और अस्पताल के बाहर कूड़ा निस्तारण को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पहले तैयार किया जाएगा इस तय किया।

# अतिक्रमण हटाने के साथ वसूला जुर्माना




**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए गुरुवार को भी व्यापक अभियान में जुर्माना वसूला गया। जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह के निर्देशानुसार आज नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अतुल कुमार द्वारा अवगत कराया गया है कि शिव चौक से भगत सिंह रोड, शिव चौक से अहिल्या बाई चौक, शिव चौक से झांसी की रानी चौक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया, अस्थाई अतिक्रमण करने वालो से 5000 रु जुर्माना वसूला गया, व सख्त निर्देश दिये गए कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण करने पर भारी जुर्माना किया जएगा व सामान भी जब्त किया जाएगा ।अतिक्रमण हटाओ अभियान में सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह, कर अधीक्षक आर डी पौडवाल, कर निरीक्षक अमित गोस्वामी, कार्यालय अधीक्षक अमरजीत, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अतुल कुमार के साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## मुख्यमंत्री के आदेश पर पुलिस सख्त, शहर में लागू हो गया कर्फ्यू

**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा रात्रि कर्फ्यू को लेकर सख्ती के निर्देश का असर आज शहर में नजर आया और नौ बजे ही पुलिस बाजार बंद कराने निकल पडी। जल्द ही बाजार में सन्नाटा नजर आया। मुजफ्फरनगर की शहर कोतवाली इलाके में अधिकारियों ने पुलिस टीम के साथ रात्रि में इलाके में पैदल गश्त के दौरान नाइट कर्फ्यू का पालन करने की सभी को दी चेतावनी, 10रू00 बजे के बाद बेमतलब सड़कों पर घूमने वालों पर भी होगी कार्रवाई। सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रात्रि कर्फ्यू सख्ती से लागू करने के लिए आदेश दिया था। रात्रि 10 बजे के बाद रात्रिकालीन कर्फ्यू को प्रभावी बनाया जाए। पुलिस टीम हूटर बजाकर समय से पूर्व एक चेतावनी जारी करे, ताकि 10 बजे तक दुकानें बंद हो जाएं। लोग अनावश्यक सड़कों पर न घूमें। गुरुवार को टीम 9 के साथ बैठक कर राज्य में कोरोना की स्थिति की समीक्षा में उन्होंने कहा कि एग्रेसिव ट्रेसिंग, टेस्टिंग और त्वरित ट्रीटमेंट की नीति के साथ-साथ तेज टीकाकरण की नीति से उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण नियंत्रित स्थिति में है। प्रदेश में अब तक 07 करोड़ 12 लाख 89 हजार 637 टेस्ट हो चुके हैं। यह देश में किसी एक राज्य द्वारा की गई सर्वाधिक कोविड टेस्टिंग है। 25 अगस्त तक 06 करोड़ 60 लाख 82 हजार से अधिक वैक्सीन डोज लगाई जा चुकी है। 05 करोड़ 55 लाख 94 हजार से अधिक लोगों ने टीके की कम से कम एक डोज जरूर ले ली है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।